SEAL

No. of Pages in this Booklet : 24

Sl. No.

Question Booklet Series

Subject : **ASSISTANT DISTRICT ATTORNEY** Code : **47B**

B

Time Allowed : **Two Hours** No. of Questions : **100** Marks : **100**

Name : _____ Roll No. : _____

Read instructions given below before opening this booklet :

DO NOT OPEN THIS BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO

1. Use only BLUE Ball Point Pen.
केवल नीले बॉल पॉइंट पैन का प्रयोग करें।
2. In case of any defect – Misprint, Missing Question/s get the booklet changed. No complaint shall be entertained after the examination.
किसी प्रकार की त्रुटि; जैसे अस्पष्ट छपाई एवं विलुप्त प्रश्न/प्रश्नों जैसे मामले में अपनी प्रश्न पुस्तिका बदलवा लें। परीक्षा उपरान्त इस प्रकार की किसी भी शिकायत पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. Before you mark the answer, read the instruction on the OMR Sheet (Answer Sheet) also before attempting the question fill the particulars in the ANSWER SHEET carefully and correctly.
किसी भी प्रश्न का उत्तर देने से पूर्व उत्तर पुस्तिका पर छपी हिदायतें पढ़ लें तथा उत्तर पुस्तिका में विवरण ध्यानपूर्वक तथा सही भरें।
4. There are FOUR options to each question. Darken only one to which you think is the right answer. There will be No Negative Marking.
प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं। जिसको आप सही उत्तर मानते है, के लिए केवल एक वृत्त को पूरी तरह भरें। गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटा जाएगा।
5. Answer Sheets will be collected after the completion of examination and no candidate shall be allowed to leave the examination hall earlier.
परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाएँ ले ली जाएगी तथा इस से पूर्व किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा केन्द्र छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
6. The candidates are to ensure that the Answer Sheet is handed over to the room invigilator only.
उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि उसने अपनी उत्तर पुस्तिका केवल परीक्षा निरीक्षक को ही दी है।
7. Rough work, if any, can be done on space provided at the end of the Question Booklet itself. No extra sheet will be provided in any circumstances.
यदि कोई रफ कार्य हो तो वह प्रश्न पुस्तिका के अंत में दिए गए स्थान पर ही करें। किसी भी स्थिति में अतिरिक्त पृष्ठ उपलब्ध नहीं करवाया जाएगा।
8. Write the BOOKLET SERIES in the space provided in the Answer Sheet, and darken the corresponding circle.
उत्तर पुस्तिका पर दिए गए स्थान पर प्रश्न पुस्तिका की सीरीज लिखें तथा संबंधित वृत्त को पूरी तरह भरें।
9. Regarding incorrect questions or answers etc. candidates kindly see NOTE given in the instructions given to candidates with their admit cards.
गलत प्रश्न या उत्तर इत्यादि के लिए उम्मीदवार कृपया प्रवेश पत्र के साथ दी गई हिदायतों में दिए गए नोट को देखें।
10. In case of any discrepancy in English and Hindi version, the English version will be taken as final.
यदि अंग्रेजी एवं हिन्दी विवरण में कोई विसंगति हो तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा।

SEAL

SEAL

1. Which of the following Section of IPC is based upon the maxim deminimis non curat lex ?

(A) S. 80 (B) S. 83
(C) S. 94 (D) S. 95

भारतीय दण्ड संहिता की निम्नलिखित में से कौन-सी धारा डिमिनिमिस नान क्यूरेट लेक्स के सूक्ति वाक्य पर आधारित है ?

(A) धारा 80 (B) धारा 83
(C) धारा 94 (D) धारा 95

2. The Principle of assessment of damages for breach of contract is given in :

(A) King V. Horr
(B) Hyde V. Wrench
(C) Scarf V. Zodine
(D) Hadley V. Baxendale

संविदा भंग के लिये प्रतिकर के निर्धारण का सिद्धान्त दिया गया था :

(A) किंग ब. हौर में
(B) हाइड ब. रेन्च में
(C) स्कार्फ ब. जोडिन में
(D) हेडले ब. बैक्सेन्डल में

3. Which of the following provisions of C.P.C is related with the amendment of pleading ?

(A) Order VI rule 14
(B) Order VI rule 15
(C) Order VI rule 16
(D) Order VI rule 17

सिव्रिल प्रक्रिया संहिता का निम्नलिखित में से कौन सा प्रावधान अभिवचन में संशोधन से सम्बन्धित है ?

(A) आदेश VI नियम 14
(B) आदेश VI नियम 15
(C) आदेश VI नियम 16
(D) आदेश VI नियम 17

4. Which of the following statement is not correct ?

(A) Minor's contract is void
(B) Agreement caused by under influence is voidable
(C) Agreement in restraint of marriage is void
(D) Wagering agreement is void

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **असत्य** है ?

(A) अवयस्क की संविदा शून्य होती है
(B) असम्यक असर के प्रभाव में की गई संविदा शून्यकरणी होती है
(C) विवाह अवरोधक करार शून्य होता है
(D) बाजी का करार शून्य होता है

5. 'Rejection of Plaint' is mentioned under :

(A) Order VII rule 11
(B) Order VI rule 13
(C) Order VII rule 12
(D) Order VIII rule 4

वाद पत्र का नामंजूर किया जाना वर्णित है :

(A) आदेश VII नियम 11
(B) आदेश VI नियम 13
(C) आदेश VII नियम 12
(D) आदेश VIII नियम 4

6. Which of the following statement is **correct** about 'Document' as defined in Indian Penal Code ?

(A) This is similar to the definition of 'document' as defined in Evidence Act

(B) This is not similar to the definition of 'document' as defined in Evidence Act

(C) This is defined under section 28 of IPC

(D) This is defined under section 27 of IPC

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन भारतीय दण्ड संहिता में परिभाषित दस्तावेज के बारे में **सत्य** है ?

(A) यह साक्ष्य अधिनियम में परिभाषित दस्तावेज की परिभाषा के समान है

(B) यह साक्ष्य अधिनियम में परिभाषित दस्तावेज की परिभाषा के समान नहीं है

(C) यह भारतीय दण्ड संहिता की धारा 28 में परिभाषित है

(D) यह भारतीय दण्ड संहिता की धारा 27 में परिभाषित है

7. In which of the following case the supreme court has declared S. 303 of IPC as unconstitutional ?

(A) Bachchan Singh V. State of Punjab

(B) Rajendra Kr V. State of U.P.

(C) Machchi Singh V. State of Punjab

(D) Mitthu Singh V. State of Punjab

निम्नलिखित में से किस वाद में सर्वोच्च न्यायालय ने भा.द.स. की धारा 303 को असंवैधानिक घोषित कर दिया ?

(A) बच्चन सिंह ब. पंजाब राज्य

(B) राजेन्द्र कुमार ब. उ.प्र. राज्य

(C) मच्छी सिंह ब. पंजाब राज्य

(D) मिठ्ठू सिंह ब. पंजाब राज्य

8. Application for anticipatory bail may be made before :

(A) Session Court

(B) High Court

(C) Chief Judicial Magistrate

(D) Both (A) and (B)

अग्रिम जमानत के लिये आवेदन किया जा सकता है :

(A) सत्र न्यायालय के समक्ष

(B) उच्च न्यायालय के समक्ष

(C) मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष

(D) दोनों (A) और (B)

9. Warrant-case means a case relating to an offence punishable with :

(A) Upto one year imprisonment

(B) Upto two year imprisonment

(C) More than two year imprisonment

(D) None of the above

वारण्ट मामला किसी अपराध से सम्बन्धित ऐसा मामला है जो दण्डनीय है :

(A) एक वर्ष के कारावास तक

(B) दो वर्ष के कारावास तक

(C) दो वर्ष से अधिक के कारावास से

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

10. Under section 31 of sale of Goods Act, 1930 the seller has a duty :
(A) to show the goods
(B) to deliver goods
(C) to change the goods
(D) none of the above

माल विक्रय अधिनियम, 1930 की धारा 31 के अन्तर्गत विक्रेता का कर्तव्य है कि :
(A) माल को दिखाये
(B) माल का परिदान करें
(C) माल को बदले
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

11. The Headquarter of New Development Bank is located at :
(A) Tokyo (B) New Delhi
(C) Mascow (D) Shanghai

न्यू डेवलपमेन्ट बैंक का मुख्यालय स्थित है :
(A) टोक्यो में (B) नई दिल्ली में
(C) मास्को में (D) शंघाई में

12. Which of the following statement is **correct** about Evidence Act ?
(A) Confession applies to both civil and criminal proceeding
(B) Hostile witness is defined in S. 154 of Evidence Act
(C) Principle of estoppel applies in civil proceeding only
(D) Evidence of good character in criminal cases are not relevant

निम्नलिखित में से कौन सा कथन साक्ष्य अधिनियम के बारे में **सत्य** है ?
(A) संस्वीकृति सिविल एवं अपराधिक दोनों मामलों में लागू होती है
(B) पक्षद्रोही गवाह साक्ष्य अधिनियम की धारा 154 में परिभाषित है
(C) विबन्ध का सिद्वान्त केवल सिविल मामलों में लागू होता है
(D) अच्छे शील का साक्ष्य अपराधिक मामलों में सुसंगत नहीं होता है

13. Which of the following does **not** come under the definition of 'decree' ?
(A) An adjudication which conclusively determines the rights of the parties with regard to some of the matters in issue before the court
(B) Rejection of a plaint
(C) Determination of any question under section 144 of C.P.C.
(D) Dismissal of suit for default

निम्नलिखित में से कौन डिक्री की परिभाषा के अन्तर्गत **नहीं** आता है ?
(A) ऐसा विनिश्चय जो न्यायालय के समक्ष पक्षकारों के अधिकारों से सम्बन्धित विवाद-ग्रस्त विषयों में से कुछ विषयों को अन्तिम रूप से निर्णित करता है।
(B) वाद पत्र का अस्वीकार किया जाना।
(C) सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अन्तर्गत किसी प्रश्न की अवधारणा
(D) व्यतिक्रम के लिये वाद का खारिज किया जाना

14. S. 110 of evidence Act support the statement that :
(A) Possession is psima facie evidence of ownership
(B) Possession is nine point of ownership
(C) Ownership is planery control over a thing
(D) None of the above

साक्ष्य अधिनियम की धारा 110 जिस कथन का समर्थन करती है वह यह कि :
(A) कब्जा स्वामित्व का प्रथम दृश्य या साक्ष्य है
(B) कब्जा स्वामित्व का नवों बिन्दु है
(C) स्वामित्व किसी वस्तु पर पूर्ण नियन्त्रण है
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

15. Which of the following section of C.P.C. prohibit the arrest of women in the execution of a decree for money ?

(A) S. 56 (B) S. 57

(C) S. 58 (D) S. 59

सिविल प्रक्रिया संहिता की निम्नलिखित में से कौन सी धारा धन की डिक्री के निष्पादन में स्त्रियों की गिरफ्तारी का निषेध करती है ?

(A) धारा 56 (B) धारा 57

(C) धारा 58 (D) धारा 59

16. Muta marriage is recognised by :

(A) Hanafi school

(B) Maliki school

(C) Ithana Ashari school

(D) Hanbali school

मुता विवाह मान्य है :

(A) हनाफी सम्प्रदाय द्वारा

(B) मालिकी सम्प्रदाय द्वारा

(C) इथना अशारी सम्प्रदाय द्वारा

(D) हनबली सम्प्रदाय द्वारा

17. Which of the following is **not** the official language of United Nations ?

(A) German (B) Arabic

(C) Russian (D) Spanish

निम्नलिखित में से कौन संयुक्त राष्ट्र संघ की अधिकारिक भाषा **नहीं** है ?

(A) जर्मन (B) अरेबिक

(C) रशियन (D) स्पेनिश

18. Muta marriage could not be dissolved :

(A) Ipso facto by the efflux of the period

(B) By death

(C) By divorce

(D) By Hiba-i-Mudat

मुता विवाह विघटित नहीं किया जा सकता है :

(A) समय अवधि के पश्चात स्वत:

(B) मृत्यु के कारण

(C) तलाक के कारण

(D) हिबा-ए-मुदत द्वारा

19. Which of the following section of Evidence Act is related with the admissibility of Electronic record ?

(A) S. 65A (B) S. 65B

(C) S. 67A (D) S. 81A

साक्ष्य अधिनियम की निम्नलिखित में से कौन-सी धारा इलेक्ट्रॉनिक अभिलेखों की ग्राह्यता से सम्बन्धित है ?

(A) धारा 65 क (B) धारा 65 ख

(C) धारा 67 क (D) धारा 81क

20. The power of supreme court to transfer cases and appeals from one High Court to another High Court can be exercised on an application by :

(A) Registrar of High Court Concerned

(B) Attorney General of India

(C) Solicitor General of India

(D) Advocate General

मामले और अपीलों को एक उच्च न्यायालय से दूसरे उच्च न्यायालय को अन्तरित करने की उच्चतम न्यायालय की शक्ति का प्रयोग निम्न में से किसके आवेदन पर किया जा सकता है ?

(A) सम्बन्धित उच्च न्यायालय का रजिस्ट्रार

(B) भारत का महान्यायवादी

(C) भारत का सालिसिटर जनरल

(D) महाधिवक्ता

21. The case of Kashmira Singh V. State of M.P. is related with :

(A) Evidence of accomplice

(B) Evidence of Co-accused

(C) Evidence of Conspirator

(D) Admission

कश्मीरा सिंह ब. म.प्र. का वाद सम्बन्धित है :

(A) सह-अपराधी के साक्ष्य से

(B) सह-अभियुक्त के साक्ष्य से

(C) षड्यंत्रकारी के साक्ष्य से

(D) स्वीकृति से

22. In which of the following section of sale of Goods Act, 1930 'Unpaid seller' is defined ?

(A) Sec. 45 (B) Sec. 46

(C) Sec. 47 (D) Sec. 48

माल विक्रय अधिनियम, 1930 की निम्नलिखित में से कौन-सी धारा में 'असंदत्त विक्रेता' परिभाषित है ?

(A) धारा 45 (B) धारा 46

(C) धारा 47 (D) धारा 48

23. Which of the following section of partnership Act, 1932 defines 'business' ?

(A) Sec.2(a) (B) Sec.2(b)

(C) Sec.2(c) (D) Sec.2(d)

भागीदारी अधिनियम, 1932 की कौन सी धारा 'व्यापार' को परिभाषित करती है ?

(A) धारा 2(a) (B) धारा 2(b)

(C) धारा 2(c) (D) धारा 2(d)

24. Which of the following section of Cr. P.C. provides for the requirement of confirmation by the High Court of an order of death sentence passed by session court ?

(A) S. 366 (B) S. 367

(C) S. 368 (D) S. 369

द.प्र.सं. को कौन-सी धारा यह उपबन्ध करती है कि सत्र न्यायालय द्वारा पारित दण्डादेश की पुष्टि उच्च न्यायालय द्वारा की जानी आवश्यक है ?

(A) धारा 366 (B) धारा 367

(C) धारा 368 (D) धारा 369

25. 'Privity of Contract' means :

(A) Only parties to the contract may sue on it

(B) Main object of the contract must be maintained

(C) Parties must maintain the privacy of contract

(D) None of these

संविदा की गुप्तता का अर्थ है :

(A) केवल संविदा के पक्षकार ही उस पर दावा कर सकते हैं

(B) संविदा का मुख्य उद्देश्य कायम रखना चाहिये

(C) पक्षकारों को संविदा की निजता बनाये रखनी चाहिये

(D) इनमें से कोई नहीं

26. The case of R V. Dudley and stephen is related to the defence of :

(A) Insanity

(B) Necessity

(C) Accident

(D) Intoxication

आर व. डडले एण्ड स्टीफेन का वाद निम्न प्रतिरक्षा से सम्बन्धित है :

(A) चित्तविकृत्ति

(B) आवश्यकता

(C) दुर्घटना

(D) मत्तता

27. Match the **correct** option :

(A) Harbouring the offender - S. 211

(B) Public Nuisance - S. 267

(C) Counterfeiting coin - S. 230

(D) Criminal tresspass - S. 441

सही विकल्प सुमेलित करिये :

(A) अपराधी को संश्रय देना - धारा 211

(B) लोक न्यूसेन्स - धारा 267

(C) सिक्कों का कूटकरण - धारा 230

(D) अपराधिक अतिचार - धारा 441

28. Under order 8 rule 6 C.P.C. set-off may be permitted if :

(A) the suit is for recovery of property

(B) set-off claimed by the defendent is assertained sum of money

(C) value of property recoverable is less than rupees two lacs

(D) defendent present a written statement of account at any stage of hearing of the suit

सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 8 नियम 6 के अधीन मुजरा कब अनुमन्य है ?

(A) जब वाद सम्पत्ति की वसूली का है।

(B) जब प्रतिवादी द्वारा जिस धनराशि का मुजरा चाहा गया है, वह अभिनिश्चित है।

(C) जब वसूल की जाने वाली सम्पत्ति का मूल्य दो लाख रुपये से कम है।

(D) जब प्रतिवादी वाद की सुनवायी की किसी भी स्थिति में लेखा का लिखित अभिकथन करता है।

29. Kaziranga is known for :

(A) Rhinoceros (B) Bird

(C) Lion (D) Elephant

काजीरंगा जाना जाता है :

(A) गैंडे के लिये (B) चिड़िया के लिये

(C) शेर के लिये (D) हाथी के लिये

30. Which of the following section of IPC deals with the act not intended to cause death, done by consent in good faith for person's benefit ?

(A) S. 87 (B) S. 88

(C) S. 89 (D) S. 90

भा.द.स. की निम्नलिखित में से कौन-सी धारा किसी व्यक्ति के फायदे के लिये सम्मति से सद्भाव पूर्वक किये गये कार्य जिससे मृत्यु कारित करने का आशय नहीं है, सम्बन्धित है ?

(A) धारा 87 (B) धारा 88

(C) धारा 89 (D) धारा 90

31. The Nanda Devi peak is located in :

(A) Uttarakhand

(B) Himachal Pradesh

(C) Sikkim

(D) Jammu and Kashmir

नंदा देवी चोटी स्थित है :

(A) उत्तराखण्ड में

(B) हिमाचल प्रदेश में

(C) सिक्किम में

(D) जम्मू और कश्मीर में

32. A proposal when accepted becomes :

(A) a contract

(B) an agreement

(C) a promise

(D) none of these

प्रतिस्थापना प्रतिग्रहित हो जाने पर :

(A) संविदा हो जाती है

(B) करार हो जाता है

(C) वचन हो जाता है

(D) इनमें से कोई नहीं

33. Which of the following is constitutional body ?

(A) National commission for women

(B) National Human right commission

(C) Minority commission

(D) Finance commission

निम्नलिखित में से कौन संवैधानिक निकाय है ?

(A) राष्ट्रीय महिला आयोग

(B) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग

(C) अल्पसंख्यक आयोग

(D) वित्त आयोग

34. Which of the following provision of Cr.P.C empowered the magistrate to visit and inspect any place in Which the offence is alleged to have been committed ?

(A) S. 310 (B) S. 311

(C) S. 312 (D) S. 313

द.प्र.सं. की निम्नलिखित में से कौन-सी धारा मजिस्ट्रेट को उस स्थान का दौरा एवं निरीक्षण करने को सशक्त करती है जहाँ अपराध का होना अभिकथित है ?

(A) धारा 310 (B) धारा 311

(C) धारा 312 (D) धारा 313

35. When two or more persons are fighting in a public place and disturbing the public peace, they have committed the offence of :

(A) Affray

(B) Rioting

(C) Criminal force

(D) Criminal Intimidation

जब दो या अधिक व्यक्ति लोक स्थान में लड़कर लोक शान्ति में विघ्न डालते हैं, वे अपराध कारित करते हैं :

(A) दंगा का

(B) बल्वा का

(C) अपराधिक बल का

(D) अपराधिक अभित्रास का

36. The maximum period for which a magistrate may send the arrested person in police custody is :

(A) 14 days (B) 15 days

(C) 60 days (D) 90 days

अधिकतम अवधि जिसके लिये एक मजिस्ट्रेट किसी गिरफ्तार व्यक्ति को पुलिस अभिरक्षा में भेज सकता है :

(A) 14 दिन (B) 15 दिन

(C) 60 दिन (D) 90 दिन

37. The procedure for summery trial is provided in the following section of Cr.P.C :

(A) Sec. 251 to 259

(B) Sec. 238 to 250

(C) Sec. 260 to 265

(D) Sec. 266 to 270

दण्ड प्रक्रिया संहिता की निम्न धाराओं में संक्षिप्त विचारण की प्रक्रिया का प्रावधान किया गया है :

(A) धारा 251 से 259

(B) धारा 238 से 250

(C) धारा 260 से 265

(D) धारा 266 से 270

38. Which of the following is **not** an exception to the general principle that 'hearsay evidence is no evidence' ?

(A) Res gestae

(B) Admission

(C) Confession

(D) Expert Opinion

निम्नलिखित में से कौन सामान्य नियम की 'अनुश्रुत साक्ष्य, साक्ष्य नही है' का अपवाद **नहीं** है ?

(A) रेस जेस्टे

(B) स्वीकृति

(C) संस्वीकृति

(D) विशेषज्ञ की राय

39. What is the maximum period under section 110 of Cr.P.C for furnishing security prescribed for keeping good behavior ?

(A) 6 months (B) 1 year

(C) 2 years (D) 3 years

द.प्र.सं. की धारा 110 में सदाचार के लिये प्रतिभूति सहित बन्ध पत्र निष्पादित करने की अधिकतम अवधि है :

(A) 6 माह (B) 1 वर्ष

(C) 2 वर्ष (D) 3 वर्ष

40. Under Cr.P.C if a women sentenced to death is found to be pregnant her death sentence may be commuted to imprisonment for life by the :

(A) President

(B) Governor

(C) Central or State Government

(D) High Court

द.प्र.सं. के अन्तर्गत यदि वह स्त्री जिसे मृत्यु दण्डादेश दिया गया है, गर्भवती पायी जाती है तो उसके मृत्यु दण्डादेश का आजीवन कारावास में लघुकरण किया जा सकता है :

(A) राष्ट्रपति द्वारा

(B) राज्यपाल द्वारा

(C) केन्द्र या राज्य सरकार द्वारा

(D) उच्च न्यायालय द्वारा

41. Indian Evidence Act, 1872 was enforced on :

(A) 15th March 1872

(B) 25th March 1872

(C) 1st September 1872

(D) 25th September 1872

भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 लागू हुआ :

(A) 15 मार्च 1872

(B) 25 मार्च 1872

(C) 1 सितम्बर 1872

(D) 25 सितम्बर 1872

42. Which of the following is **not** an essential of partnership ?

(A) An association of two or more persons

(B) Existence of contract

(C) Sharing of profit

(D) Mandatory Registration

निम्नलिखित में से कौन भागीदारी का आवश्यक तत्व **नहीं** है ?

(A) दो या अधिक व्यक्तियों का जुड़ना

(B) संविदा का अस्तित्व

(C) लाभ का बटवारा

(D) आवश्यक पंजीकरण

43. The case of Mohd. Ahmad Khan V. Shah Bano Begum is related with :

(A) Anticipatory Bail

(B) Maintenance

(C) Appeal

(D) Arrest

मु. अहमद खान ब. शाह बानो बेगम का वाद सम्बन्धित है :

(A) अग्रिम जमानत से

(B) भरण पोषण से

(C) अपील से

(D) गिरफ्तारी से

44. Break down theory of divorce is reflected in :

(A) Sec.13(1) of Hindu Marriage Act, 1955

(B) Sec.13(2) of Hindu Marriage Act, 1955

(C) Sec.13(1A) of Hindu Marriage Act, 1955

(D) Sec.13(B) of Hindu Marriage Act, 1955

तलाक की ब्रेक डाऊन थ्योरी निम्नलिखित में प्रतिबिम्बित होती है :

(A) हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13(1)

(B) हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13(2)

(C) हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13(1A)

(D) हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13(B)

45. Which of the following is not mentioned under S. 14 of evidence Act as fact showing the state of mind ?

(A) Good-faith (B) Ill-will

(C) Rashness (D) Motive

निम्नलिखित में से कौन-सा साक्ष्य अधिनियम की धारा 14 के अन्तर्गत मन की दशा दर्शित करने वाले तथ्य के रूप में वर्णित नहीं है ?

(A) सद्भाव (B) वैमनस्य

(C) उतावलापन (D) हेतु

46. A attempts to pull Z's nose, Z in the exercise of the right of private defence, lays hold of A to prevent him from doing so. A is moved to sudden and violent passion in consequence, and kills Z. Which offence has A committed.

(A) Murder

(B) Culpable homicide

(C) No offence because A has acted under sudden and grave provocation

(D) Death causing by negligence

य की नाक खींचने का प्रयत्न क करता है। य प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार के प्रयोग में ऐसा करने से रोकने के लिये क को पकड़ लेता है। परिणाम स्वरूप क को अचानक और तीव्र आवेश आ जाता है और वह य का वध-कर देता है। क ने कौन सा अपराध कारित किया।

(A) हत्या

(B) सदोष मानववध

(C) कोई अपराध नहीं क्योंकि क ने गंभीर और अचानक प्रकोपन के अधीन कार्य किया

(D) उपेक्षा द्वारा मृत्यु

47. Which of the following section of Cr.P.C is related with the treatment of Victims of acid attack ?

(A) Sec. 357 A

(B) Sec. 357 B

(C) Sec. 357 C

(D) None of these

द.प्र.सं. की निम्नलिखित में से कौन सी धारा तेजाब के हमले से पीड़ित के उपचार से सम्बन्धित है ?

(A) धारा 357 क

(B) धारा 357 ख

(C) धारा 357 ग

(D) इनमें से कोई नहीं

48. Which of the following section of Cr. P.C is related with the withdrawal of prosecution ?

(A) S. 319 (B) S. 320

(C) S. 321 (D) S. 322

दण्ड प्रक्रिया संहिता की निम्नलिखित में से कौन-सी धारा अभियोजन के वापस लेने से सम्बन्धित है ?

(A) धारा 319 (B) धारा 320

(C) धारा 321 (D) धारा 322

49. The case of Hochester V. De La tour deals with :

(A) Quasi-contract

(B) Promissory estoppel

(C) Anticipatory Breach of Contract

(D) Quantum Meruit

होचेस्टर ब. डि लॉ टूर का वाद सम्बन्धित है :

(A) संविदाकल्प से

(B) वचनात्मक विबन्ध से

(C) संविदा के पूर्वकालिक भंग से

(D) क्वांटम-मेरिट से

50. How many sustainable development Goals were set by UNDP in the year 2016 ?

(A) 15 (B) 16

(C) 17 (D) 18

वर्ष 2016 में यू.एन.डी.पी. ने कितने समेकित विकास के लक्ष्य निर्धारित किये ?

(A) 15 (B) 16

(C) 17 (D) 18

51. In which of the following case it was held that a contract through telephone is concluded at the place where acceptance is heard ?

(A) Bhagwandas V. Girdhari lal

(B) Lal man Shukla V. Gauri dutt

(C) Carlill V. Carbolic smoke ball Co.

(D) Satyabrata Ghose V. Mungni Ram

निम्नलिखित में से किस वाद में यह अभिनिर्धारित किया गया कि जब टेलिफोन पर संविदा की जाती है तो संविदा उस स्थान पर पूर्ण मानी जाती है जहाँ स्वीकृति सुनी जाती है ?

(A) भगवान दास ब. गिरधारी लाल

(B) लाल मन शुक्ला ब. गौरी दत्त

(C) कारलिल ब. कारबोलिक स्मोक बाल क.

(D) सत्यव्रत घोष ब. मुंगनीराम

52. Which of the following court can try summerily offences mentioned in Sec. 260 of Cr. P.C ?

(A) Chief Judicial Magistrate

(B) Metropolitan Magistrate

(C) Any Magistrate of first class specially empowered by High Court

(D) All the above

द.प्र.सं. की धारा 260 में उल्लिखित अपराधों का संक्षिप्त विचारण निम्नलिखित न्यायालय में से कौन कर सकता है ?

(A) मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट

(B) मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट

(C) प्रथम श्रेणी का कोई मजिस्ट्रेट जिसे उच्च न्यायालय द्वारा विशेष रूप से सशक्त किया गया है

(D) उपरोक्त सभी

53. Section 114 of C.P.C. should be read with :

(A) Order 46 rule 1

(B) Order 47 rule 1

(C) Order 49 rule 3

(D) Order 41

सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 114 को किसके साथ पढ़ा जाना चाहिये ?

(A) आदेश 46 नियम 1

(B) आदेश 47 नियम 1

(C) आदेश 49 नियम 3

(D) आदेश 41

54. Change in the nature of the obligation in a contract is known as :

(A) Alteration

(B) Renovation

(C) Rescission

(D) Novation

संविदा में दायित्व की प्रकृति में परिवर्तन को कहा जाता है :

(A) परिवर्तन

(B) पुनर्नवीयनं

(C) विखण्डन

(D) नवीयन

55. Which of the following section of Indian Partnership Act, 1932 is related with the expulsion of a partner ?

(A) Sec.30 (B) Sec.31

(C) Sec.32 (D) Sec.33

भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 की निम्नलिखित में से कौन सी धारा भागीदार के निष्कासन से सम्बन्धित है ?

(A) धारा 30 (B) धारा 31

(C) धारा 32 (D) धारा 33

56. By which of the following way Muslim marriage can be dissolved by a Muslim husband ?

(A) Talaq (B) Illa

(C) Zihar (D) All of these

निम्नलिखित में से किस तरीके से मुस्लिम पति द्वारा मुस्लिम विवाह विघटित किया जा सकता है ?

(A) तलाक (B) इला

(C) जिहार (D) इनमें से सभी

57. 'Khula' is a form of divorce by :

(A) Sale (B) Purchase

(C) Agreement (D) Coercion

'खुला' तलाक का रूप है :

(A) बिक्री द्वारा (B) खरीद द्वारा

(C) करार द्वारा (D) प्रपीड़न द्वारा

58. Which of the following statement is **correct** about plea bargaining ?

(A) It is not applicable for the offences for which the punishment is more than seven years

(B) It is applicable for all the offences except the offence for which punishment is death sentence

(C) It is applicable for all the offences except the offences for which punshiment is death sentence or life imprisonment

(D) None of these

निम्नलिखित में से कौन सा कथन अभिवाक् चर्चा के बारे में **सत्य** है ?

(A) यह उन अपराधों में लागू नहीं होती जिन अपराध में सजा सात वर्ष से अधिक का दण्ड है।

(B) यह सभी अपराधों में लागू होती है सिवाय उन अपराधों के जिसमें सजा मृत्यु दण्ड की है।

(C) यह सभी अपराधों में लागू होती है सिवाय उन अपराधों के जिसमें सजा मृत्यु दण्ड या आजीवन कारावास है।

(D) इनमें से कोई नहीं

59. Promises which form the consideration or part of the consideration for each other, are called :

(A) Agreement

(B) Contract

(C) Reciprocal Promise

(D) Proposal

वे वचन जो एक दूसरे के लिये प्रतिफल या प्रतिफल का भाग हों कहलाते हैं :

(A) करार

(B) संविदा

(C) व्यतिकारी वचन

(D) प्रस्ताव

60. An offer and acceptance to it must be in the :

(A) Same time

(B) Same place

(C) Same Sense

(D) Same time and Same Place

प्रस्ताव तथा उसकी सहमति को होना चाहिये :

(A) एक ही समय में

(B) एक ही स्थान पर

(C) एक ही अर्थ में

(D) एक ही समय एवं एक ही स्थान पर

65. A agrees to pay B 1000/- rupee if two strait lines should enclose a space.

(A) This agreement is void

(B) This contract is void

(C) This is contingent contract

(D) This is valid contract

क करार करता है कि यदि दो सरल रेखाएँ किसी स्थान को घेर ले तो वह ख को 1000 रूपये देगा :

(A) यह करार शून्य है

(B) यह संविदा शून्य है

(C) यह समाश्रित संविदा है

(D) यह वैध संविदा है

66. Which of the following section of Cr.P.C is related with the legal aid to accused at state expense ?

(A) Sec. 304 (B) Sec. 305

(C) Sec. 306 (D) Sec. 307

द.प्र.सं. की निम्नलिखित में से कौन सी धारा राज्य के व्यय पर अभियुक्त को विधिक सहायता से सम्बन्धित है ?

(A) धारा 304 (B) धारा 305

(C) धारा 306 (D) धारा 307

67. Private person may arrest any person who in his presence commits ?

(A) Non bailable and non cognizable offence

(B) Bailable and Cognizable offence

(C) Bailable and Non Cognizable offence

(D) Non bailable and Cognizable offence

प्राइवेट व्यक्ति किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार कर सकता है जो उसकी उपस्थिति में करता है ?

(A) अजमानतीय और असंज्ञेय अपराध

(B) जमानतीय और संज्ञेय अपराध

(C) जमानतीय और असंज्ञेय अपराध

(D) अजमानतीय और संज्ञेय अपराध

68. The maximum period of solitary confinement which may be ordered by the court is :

(A) One month

(B) Two months

(C) Three months

(D) Six months

एकान्त परिरोध की अधिकतम अवधि जो न्यायालय द्वारा आदेशित की जा सकती है :

(A) एक माह

(B) दो माह

(C) तीन माह

(D) छः माह

69. Which of the following section of Cr. P.C is related with the inherent power of High Court ?

(A) S. 482 (B) S. 483

(C) S. 484 (D) S. 485

द.प्र.सं. की निम्नलिखित में से कौन-सी धारा उच्च न्यायालय के अन्तर्निहित शक्ति से सम्बन्धित है ?

(A) धारा 482 (B) धारा 483

(C) धारा 484 (D) धारा 485

70. Which of the following is **not** correctly matched ?

(A) Arrest by private person - S. 42

(B) Arrest by Magistrate - S. 44

(C) Arrest how made - S. 46

(D) Arrest by police without warrant - S. 41

निम्नलिखित में से कौन सुमेलित **नहीं** है ?

(A) प्राइवेट व्यक्ति द्वारा गिरफ्तारी - धारा 42

(B) मजिस्ट्रेट द्वारा गिरफ्तारी - धारा 44

(C) गिरफ्तारी कैसे की जायेगी - धारा 46

(D) पुलिस द्वारा बिना वारंट के गिरफ्तारी - धारा 41

71. A partner by holdingout is :

(A) a partner to arrange the capital for the firm

(B) a partner to share in profit of firm

(C) a person liable for the loss of the firm

(D) a person liable to another who incurs liability believing him as a partner

व्यपदेशन द्वारा भागीदार होता है :

(A) एक भागीदार जो फर्म के लिये पूँजी का प्रबन्ध करता है।

(B) एक भागीदार जो फर्म के लाभ में हिस्सा बाँटता है।

(C) एक व्यक्ति जो फर्म की हानियों के लिये उत्तरदायी होता है।

(D) एक व्यक्ति ऐसे व्यक्ति के लिये उत्तरदायी होता है जो उस पर भागीदार के रूप में विश्वास करके दायित्व लेता है।

72. Which of the following state has bicameral legislature ?

(A) Madhya Pradesh

(B) Kerala

(C) Jammu & Kashmir

(D) Assam

निम्नलिखित में से किस राज्य में द्वि-सदनात्मक विधायिका है ?

(A) मध्य प्रदेश

(B) केरल

(C) जम्मू और कश्मीर

(D) आसाम

73. A minor may be admitted to the benefit of a partnership firm :

(A) With the consent of all existing partners

(B) With the consent of majority of partners

(C) By inheritance under a will

(D) By the direction of the court

एक भागीदार फर्म में लाभ के लिये अवयस्क को सम्मिलित किया जा सकता है :

(A) सभी विद्यमान भागीदारों की सहमति से

(B) भागीदारों के बहुमत की सहमति से

(C) किसी वसीयत के अधीन उत्तराधिकार से

(D) न्यायालय के निर्देश से

74. Which of the following statements is **incorrect** about the second appeal ?

(A) It may lie in any court

(B) It may lie against ex-parte decree

(C) It may lie in case where the substantial question of law involves

(D) All the above

निम्नलिखित में से कौन सा कथन द्वितीय अपील के बारे में **असत्य** है ?

(A) यह किसी भी न्यायालय में दायर की जा सकती है।

(B) यह एक पक्षीय डिक्री के विरुद्ध दायर की जा सकती है।

(C) यह उन मामलों में दायर हो सकती है जहाँ विधि का सारवान प्रश्न अन्तर्ग्रस्त है।

(D) उपरोक्त सभी

75. At which of the following place did Mahatma Gandhi first start his satyagraha in India ?

(A) Ahmedabad

(B) Champaran

(C) Bardoli

(D) Kheda

निम्नलिखित में से किस स्थान पर महात्मा गाँधी ने भारत में सर्वप्रथम सत्याग्रह आरम्भ किया ?

(A) अहमदाबाद

(B) चम्पारण

(C) बारदोली

(D) खेड़ा

76. Which of the following statement is **correct** ?

(A) Every agency is partnership

(B) Every partnership is agency

(C) Every partnership is limited company

(D) Every private limited company is partnership

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **सत्य** है ?

(A) प्रत्येक ऐजेन्सी साझीदारी है

(B) प्रत्येक साझीदारी एक ऐजेन्सी है

(C) प्रत्येक साझीदारी लिमिटेड कम्पनी है

(D) प्रत्येक प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी साझेदारी है

77. A confession made under Sec. 164 of Cr.P.C can be recorded by a Magistrate during the course of :

(A) Trial

(B) Investigation

(C) Trial or investigation

(D) Investigation, but before the commencement of inquiry or Trial

द.प्र.सं. की धारा 164 के अधीन मजिस्ट्रेट संस्वीकृति अभिलिखित कर सकता है :

(A) विचारण के दौरान

(B) अन्वेषण के दौरान

(C) विचारणं या अन्वेषण के दौरान

(D) अन्वेषण के दौरान परन्तु जाँच या विचारण प्रारम्भ होने के पूर्व

78. The period of Limitation within which dependent shall submit his written statement is ordinarily within :

(A) 60 days from service of summon

(B) 90 days from service of summon

(C) 15 days from service of summon

(D) 30 days from service of summon or 90 days if allowed by the court

एक प्रतिवादी को अपना लिखित कथन न्यायालय में दाखिल करने की समय सीमा सामान्यतया है :

(A) समन की तामील के 60 दिन के अन्दर

(B) समन की तामील के 90 दिन के अन्दर

(C) समन की तामील के 15 दिन के अन्दर

(D) समन की तामील के 30 दिन के अन्दर या न्यायालय की अनुमति से 90 दिन

79. Which of the following pairs does **not** match ?

(A) Novation of contract - S. 64

(B) Wagering agreement - S. 30

(C) Anticipatory breach - S. 39

(D) Agreement on the happening of impossible event - S. 36

निम्नलिखित जोड़े में कौन-सा सुमेलित **नहीं** है?

(A) संविदा का नवीनीकरण – धारा 64

(B) बाजी का करार – धारा 30

(C) पूर्वकालिक भंग – धारा 39

(D) असंभव घटना घटने पर करार – धारा 36

80. A muslim wife can relinquish her Mahr :

(A) When she is minor

(B) When she has attained the age of puberty

(C) When she is not less than 18 years of age

(D) When she is not less than 21 years of age

मुस्लिम पत्नी अपना मेहर कब त्याग कर सकती है?

(A) यदि वह अवयस्क है।

(B) यदि उसने तारुण्य की आयु प्राप्त कर ली हो।

(C) यदि वह 18 वर्ष से कम आयु की नहीं है।

(D) यदि वह 21 वर्ष से कम आयु की नहीं है।

81. There shall be no appeal by a convicted person where the High Court passes a sentence of imprisonment for a term **not** exceeding :

(A) Six months

(B) Nine months

(C) One year

(D) Two years

जब उच्च न्यायालय किसी व्यक्ति को कारावास का दण्डादेश पारित करता है वहाँ दोष सिद्ध व्यक्ति द्वारा कोई अपील **नहीं** की जायेगी जब सजा अनधिक हो :

(A) छः माह से

(B) नौ माह से

(C) एक वर्ष से

(D) दो वर्ष से

82. Under sec.6 of Hindu Minority and Guardianship Act 1956 the natural guardian of a minor child is :

(A) Mother

(B) Father

(C) Both Mother and Father

(D) Either Mother or Father

हिन्दू अप्राप्तवयता एवं अभिरक्षक अधि. 1956 की धारा 6 के अन्तर्गत नाबालिग बच्चे का स्वभाविक अभिरक्षक है :

(A) माता

(B) पिता

(C) माता एवं पिता दोनों

(D) या तो माता या पिता

83. Which of the following country is **not** included in BRICS ?

(A) Brazil (B) Russia

(C) India (D) Canada

निम्नलिखित में से कौन-सा देश 'ब्रिक्स' (BRICS) में शामिल **नहीं** है ?

(A) ब्राजील (B) रूस

(C) भारत (D) कनाडा

84. Which of the following section of Evidence Act is related with accomplice ?

(A) S. 133 (B) S. 30

(C) S. 154 (D) S. 145

साक्ष्य अधिनियम की निम्नलिखित में से कौन-सी धारा सह-अपराधी से सम्बन्धित है ?

(A) धारा 133 (B) धारा 30

(C) धारा 154 (D) धारा 145

85. In criminal cases fact in issue includes :

(A) Filing of charge-sheet by the Investigating officer

(B) Framing of charge by the Magistrate

(C) FIR report

(D) All the above

अपराधिक मामलों में विवाद्यक तथ्य में शामिल है :

(A) अन्वेषण अधिकारी द्वारा जमा की गई चार्ज-शीट

(B) मजिस्ट्रेट द्वारा विरचित आरोप

(C) एफ.आइ.आर. रिपोर्ट

(D) उपरोक्त सभी

86. Which of the following disease is **not** caused by polluted water ?

(A) Dysentery

(B) Jaundice

(C) Typhoid

(D) Tuberculosis

निम्नलिखित में से कौन सी बीमारी प्रदूषित पानी से **नहीं** होती है ?

(A) दस्त

(B) पीलिया

(C) टाइफ़ाइड

(D) तपेदिक (टी.बी.)

87. Order XXI of C.P.C. is related with :

(A) Affidavits

(B) Costs

(C) Execution of decree

(D) Appointment of receiver

सिविल प्रक्रिया संहिता का आदेश XXI सम्बन्धित है :

(A) शपथ पत्र से

(B) खर्चे से

(C) डिक्री के निष्पादन से

(D) रिसीवर की नियुक्ति से

88. Who among the following is **not** entitled to claim maintenance under S. 125 of Cr. P.C ?

(A) Unmarried sister

(B) Adopted mother

(C) Divorced wife who does not remarry

(D) Illegitimate minor child

द.प्र.सं. की धारा 125 के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौन भरण पोषण का दावा करने का अधिकारी **नहीं** है ?

(A) अविवाहित बहन

(B) गोद लेने वाली माता

(C) तलाकशुदा पत्नी जिसका पुनर्विवाह न हुआ हो

(D) अधर्मज अवयस्क बालक

89. Which of the following section of Evidence Act is related with the refreshing the memory ?

(A) S. 157 (B) S. 158

(C) S. 159 (D) S. 160

साक्ष्य अधिनियम की निम्नलिखित में से कौन-सी धारा स्मृति ताजी करने से सम्बन्धित है ?

(A) धारा 157 (B) धारा 158

(C) धारा 159 (D) धारा 160

90. A civil court can not issue commission in the following case :

(A) For examining a person

(B) For examining accounts

(C) To execute partition

(D) To execute a decree

किस मामले में न्यायालय कमीशन जारी नहीं कर सकता ?

(A) किसी व्यक्ति की परीक्षा के लिये

(B) लेखाओं का परीक्षण करने के लिये

(C) विभाजन करने के लिये

(D) डिक्री के निष्पादन हेतु

91. Children born to annulled voidable marriages or void marriages under sec.11 and 12 of Hindu Marriage Act are :

(A) Illegitimate

(B) Illegitimate but can inherit the property of their parents

(C) Legitimate and can inherit all family property

(D) Legitimate but can inherit only the property of their parents

हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 11 और 12 के अन्तर्गत शून्यकरणीय विवाह अथवा शून्य विवाह से उत्पन्न बच्चे क्या कहलाते हैं ?

(A) नाजायज।

(B) नाजायज किन्तु अपने माता-पिता की सम्पत्ति के वारिस हो सकते हैं।

(C) जायज तथा परिवार की सम्पूर्ण सम्पत्ति के वारिस हो सकते हैं।

(D) जायज किन्तु केवल अपने माता-पिता की सम्पत्ति के वारिस हो सकते हैं।

92. Choose the word which is most nearly the same as the word ARDUOUS ?

(A) Difficult (B) Different

(C) Hazardous (D) Funny

93. Choose the word which is the opposite of the word ABET ?

(A) Aid

(B) Pecify

(C) Risky

(D) Prevent

94. Which of the following is the oldest mountain range in India ?

(A) Himalaya (B) Aravalli

(C) Satpura (D) Nilgiri

निम्नलिखित में से कौन सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखला है?

(A) हिमालय (B) अरावली

(C) सतपुड़ा (D) नीलगिरी

95. The Tropic of cancer passes through which one of the following states ?

(A) Jharkhand

(B) Bihar

(C) Jammu and Kashmir

(D) Himachal Pradesh

कर्क रेखा निम्नलिखित में से किस राज्य से गुजरती है?

(A) झारखण्ड

(B) बिहार

(C) जम्मू और कश्मीर

(D) हिमाचल प्रदेश

96. Which of the following words spelt correctly ?

(A) Faxsimile

(B) Fashsimile

(C) Facsimile

(D) Factsimile

97. Find the best answer

The _____ of the state is efficient.

(A) Administration

(B) Democracy

(C) Policy

(D) Autocracy

98. One who possesses many talents ?

(A) Nubile

(B) Exceptional

(C) Versatile

(D) Gifted

99. Extreme old age when a man behaves like a child is called :

(A) Imbecility

(B) Dotage

(C) Senility

(D) Superannuation

100. Select the pair which has the same relationship Indigent : Wealthy.

(A) Angry : Rich

(B) Native : Affluent

(C) Gauche : Graceful

(D) Scholary : Erudite

- o O o -

61. Adultery by a Hindu Husband is a :

(A) Ground of divorce

(B) Not a ground of divorce

(C) Not a ground of judicial separation

(D) None of the above

हिन्दू पति द्वारा जारकर्म है :

(A) तलाक का आधार

(B) तलाक का आधार नहीं है

(C) न्यायिक पृथक्करण का आधार नहीं है

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

62. An agreement made without free consent is :

(A) Always void

(B) Always voidable

(C) Either void or voidable

(D) Unlawful

स्वतंत्र सहमति के बिना किया गया करार होता है :

(A) सदैव शून्य

(B) सदैव शून्यकरणीय

(C) या तो शून्य या शून्यकरणीय

(D) विधिविरूद्ध

63. Which of the following offence is **not** compoundable ?

(A) Offence U/S 323 of IPC

(B) Offence U/S 334 of IPC

(C) Offence U/S 307 of IPC

(D) Offence U/S 379 of IPC

निम्नलिखित में से कौन-सा अपराध शमनीय **नहीं** है ?

(A) भा.द.सं. की धारा 323 के अन्तर्गत अपराध

(B) भा.द.सं. की धारा 334 के अन्तर्गत अपराध

(C) भा.द.सं. की धारा 307 के अन्तर्गत अपराध

(D) भा.द.सं. की धारा 379 के अन्तर्गत अपराध

64. A, knowing the B has committed dacoity, knowingly conceals B in order to screen him from legal punishment which offence has A committed ?

(A) Conspiracy

(B) Abetment by aid

(C) Harbouring

(D) None of these

क यह जानते हुए कि ख ने डकैती की है, ख को वैध दण्ड से प्रतिच्छादित करने के लिये, जानते हुऐ छिपा लेता है। क ने कौन-सा अपराध कारित किया ?

(A) षड्यन्त्र

(B) सहायता द्वारा दुष्प्रेरण

(C) संश्रय

(D) इनमें से कोई नहीं